हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

11 रामलीला मैदान में बच्चों का ब्लॉक स्तरीय विशाल स्वास्थ्य जांच ...



12 बैडमिंटन कोर्ट पर जुनून : कुरूद में 11 साल के देवांश और 70 साल ...



## खबर संक्षेप

### मधुबन में डॉ अशोक हरिवंश चतुर्वेदी का प्रवचन होगा आज से



■ 47 वर्षों से प्रतिवर्ष श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ का आयोजन अनवरत होने का इतिहास रहा है

**मगरलोड।** ब्लाक मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर समीप मधुबन धाम में प्रतिवर्ष की भांति श्री राम महायज्ञ एवं मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मधुबन में यज्ञ हवन मेला महोत्सव का आयोजन में पंडितों के द्वारा मंत्रोंचार गूंज रहा है। प्रवचन दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक रहेगी। मुख्य कथा वाचक डॉ. अशोक हरिवंश चतुर्वेदी राममिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम शिवरीनारायण जी होंगे। संगीतमय प्रवचन मानव जीवन को धर्म संस्कृति संस्कार सनातन धर्म को जोड़ने वाली होगी ।मधुबन धाम श्रीराम महायज्ञ एवं मेला समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को अमृतमय प्रवचन का पुण्य लाभ लेने अपील किया है।

### खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने एक दिवसीय कार्यशाला

**अंवरी।** कृषि विभाग विख कुरुद से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत भखारा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया है जिसमे 35% अनुदान पर इच्छुक कृषक या ग्रामीण को खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्यम स्थापित करने हेतु मशीन, उपकरण, कृषक-ग्रामीण या कोई समूह जो इच्छुक है उनको दिया जायेगा। दस्तावेज के साथ 23/2/26 दिन सोमवार को प्रातः11 बजे नगर पंचायत भखारा में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पर्यटन क्षेत्र में आया बूम : मंदिर दर्शन, वाटर स्पोर्ट्स एवं एडवेंचर कैंप का मजा लेने लोग गंगरेल आ रहे

# गंगरेल पर्यटन सैकड़ों परिवार को दे रहा है रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती का दरबार प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शुमार हो गया है। देश विदेश के लोग यहां मन्नत मांगने तथा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराते हैं। जैसे जैसे गंगरेल पर्यटन का विकास हो रहा है। वैसे वैसे स्थानीय तथा अंचल के अनेक परिवारों को रोजगार मिलने लगा है। वन प्रबंधन समिति, वाटर स्पोर्ट्स, ग्रीन एडवेंचर गार्डन, बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट, ग्रीन एडवेंचर गार्डन में 100 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। वहीं मां अंगारमोती दरबार के आसपास क्षेत्र में गुमटी लगाकर 100 से अधिक लोग व्यवसाय कर रहे हैं।





रविवार को मां अंगारमोती का दरबार श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। देवी दर्शन के लिए लोगों को लंबी लाइन में लगना पड़ा। दर्जनों जगहों पर लोग भोजन प्रसादी बनाने में जुटे रहे। माता दरबार के आसपास होटल, मनिहारी, पूजा नारियल सामग्री, पानठेला, जनरल स्टोर्स के अनेक दुकान संचालित हो रहे हैं। देव किराया भंडार के संचालक देवकुमार बताते है कि यहां गुमटी, ठेला, दुकान लगाकर 100 से अधिक लोग व्यवसाय करते हैं। धमतरी सहित आसपास के लोग आटो आदि वाहनो से आकर जूता चप्पल, कपड़ा, खिलौना आदि का धंधा करते हैं। माता की कृपा से सैकड़ों परिवार का जीवन बसर हो रहा है।

वन प्रबंधन समिति गंगरेल मरादेव के अध्यक्ष कोमल साहू, गैंदलाल ने बताया कि पार्किंग व्यवसाय, हर्बल मानव वन, एडवेंचर आदि के लिए 20 स्थानीय महिला पुरूष को रोजगार मिल रहा है। पार्किंग तथा मानव वन से होने वाले आय से कर्मचारियों को मासिक वेतन दिया जाता है। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह कहते है कि वाटर स्पोर्ट्स में 28 लोगों को रोजगार मिला है। 90 प्रतिशत कर्मचारी स्थानीय है। उन्होंने बताया कि बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट में 40 कर्मचारी है। जिसमें से 80 प्रतिशत कर्मचारी स्थानीय है। सिंचाई विभाग के गार्डन ग्रीन एडवेंचर के ओम निषाद ने कहा कि गार्डन में दो दर्जन से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। जिसमें अधिकांश कर्मचारी गंगरेल मरादेव गांव से है। उनका कहना है कि जैसे जैसे गंगरेल पर्यटन विकसित होते जाएगा वैसे वैसे रोजगार के अवसर बढ़ते जाएंगे।

### देवी दर्शन के लिए आते है बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर

आदिशक्ति मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री जब भी छत्तीसगढ़ में आते हैं माता दर्शन के लिए जरूर पहुंचते है। माता के कृपा का बखान अपने कार्यक्रमों के दौरान भी करते है। देवी की ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है। संतान सुख तथा अनेक समस्याओं के समाधान के लिए रोजाना श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

### चैत नवरात्र पंजीयन शुरु

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट ने चैत्र नवरात्र ज्योति कलश स्थापना के लिए पंजीयन शुरु कर दिया है। 19 से 26 मार्च तक नवरात्र पर्व मनाया जाएगा। तेल ज्योति का 1201 रुपए तथा घी ज्योति का 1501 रुपया पंजीयन शुल्क रखा गया है।

# नकली सीआईडी अफसर गिरफ्तार

■ फर्जी आईडी कार्ड दिखाकर लोगों पर जमा रहा था धौंस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नकली सीआईडी अफसर बनकर लोगों को धौंस दिखाने वाले कांकेर, दुर्गकोंदल निवासी एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोगों से यह अपील की है कि कोई भी व्यक्ति शासकीय अधिकारी बनकर धौंस दिखाता है या संदेहास्पद गतिविधि करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

शनिवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आमातालाब रोड में श्रद्धा वेल्डिंग दुकान के पास एक व्यक्ति खुद को सीआईडी अधिकारी बताकर लोगों को धौंस दिखा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची। उन्होंने पाया कि व्यक्ति की गतिविधि संदेहास्पद है। वह स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 05, एयू 6136 में आया था। उसके वाहन में वाइस प्रेसिडेंट सीजी नेशनल क्राइम कंट्रोल आर्गनाइजेशन आल इंडिया का नम्बर प्लेट लगा हुआ था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम टिकेश्वर नरेटी उम्र 28 साल पिता सगराम नरेटी, निवासी ग्राम डांगरा, थाना दुर्गकोंदल, जिला उत्तर बस्तर कांकेर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास दो आईडी कार्ड मिले, जिनमें क्राइम इंवेस्टीगेशन डिपार्टमेंट एवं क्राइम इंवेटीगेशन डिटेक्टीव लिखा हुआ था। आरोपी कोई वैधानिक नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण प्रमाण या अधिकृत आदेश प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार कर लिया कि उसने सितंबर 2025 में फर्जी आईडी कार्ड बनवाया तथा समय-समय पर ऑनलाइन भुगतान कर उनकी वैधता बढ़ाई। आरोपी ने यह भी बताया कि वह इन कार्डों एवं बोर्ड का उपयोग टोल टैक्स से बचने एवं अन्य स्थानों पर प्रभाव जमाने हेतु करता था।





### आईफोन स्कार्पियो जब्त

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार को एक युवक को संदिग्ध स्थिति में गिरफ्तार किया गया है। वह अपने को सीआईडी अधिकारी बताकर लोगों पर धौंस जमा रहा था। युवक के पास से दो नग फर्जी आईडी कार्ड, 1 नग नेशनल क्राइम कंट्रोल ओआरजी लिखा बोर्ड, 1 महिन्द्रा स्कार्पियो वाहन, 1 आईफोन 11 प्रो जियो सिम जब्त किया गया है। आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 204, 205, 336(3) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# जंगल के रास्ते 80 गौवंश ले जा रहे थे, दुगली थाने में शिकायत

■ पंडरीपानी गोशाला में गोवंशों को रखकर किया है जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरी तहसील के ग्राम गोहाननाला के पास करीब 80 गोवंश को जंगल के रास्ते ले जाने का मामला सामने आया है। गौशाला समिति पंडरीपानी के पदाधिकारियों ने लिखित शिकायत दुगली थाने में की है। गोवंशों को पंडरीपानी गौशाला में रखा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरीपानी गौशाला समिति को जंगल के रास्ते बड़ी संख्या में गायों को ले जाने की खबर मिली। पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गोवंशों को रोका। संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की। जिसमें बताया गया कि गोवंश को तीरथ महादेव गोशाला समिति ग्राम तीरथ ले जा रहे है। उन्होंने कुरुद विकासखंड के ग्राम कुरंगा के सरपंच सचिव का हस्ताक्षरयुक्त लैटरपैड प्रस्तुत किया।

गोशाला पंडरीपानी समिति ने इस पर आपत्ति करते हुए कहा है कि एकसाथ 80 गोवंशों को बिना शासकीय अनुमति के परिवहन नहीं किया जा सकता। परिवहन के दौरान आवश्यक दस्तावेजों के साथ पशु स्वास्थ्य प्रमाणपत्र नहीं है। पंडरीपानी गोशाला समिति ने दुगली थाने में लिखित शिकायत कर जांच की मांग की है। मौके पर पंडरीपानी गौशाला के अध्यक्ष प्रिंस गोलछा सचिव अनिल वाधवानी, संत कोठारी, शिवशंकर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अब आश्वासन से नहीं चलेगा काम, हटानी पड़ेगी शराब दुकान

■ पिछले कई सालों से सोरिद, कलेक्टोरेट रोड, रत्नाबांधा रोड, औद्योगिक वार्ड की शराब दुकानों को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शराब दुकानों को शिफ्ट करने के लिए लगातार आवाज उठ रही है, लेकिन शराब दुकानों की शिफ्टिंग के लिए अभी तक कोई प्लानिंग नहीं की गई है। ऐसे में अब कई वार्डों में आंदोलन की तैयारी चल रही है।

जिले में कुल 27 शराब दुकानें हैं, जिसमें से कई शराब दुकानें लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। पिछले तीन चार साल लगातार वार्डवासी इन शराब दुकानों को हटाने की मांग करते आ रहे हैं, इसके बाद भी इन शराब दुकानों को नहीं हटाया गया है। पिछले दो साल से अधिकारी केवल आश्वासन देकर वार्डवासियों को संतुष्ट कर रहे हैं, पिछले साल तो आबकारी विभाग ने कुछ शराब दुकानों को हटाने के लिए कोशिश भी की थी, इसमें औद्योगिक वार्ड बस स्टैंड के पीछे स्थित अंग्रेजी और देशी शराब दुकान और सोरिद वार्ड में हाईवे पर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान शामिल थी, लेकिन विभाग को इन दुकानों के लिए दूसरी जगह नहीं मिली और पुरानी जगहों पर ही इन शराब फिर से खोल दिया गया। इस साल वार्डवासी शराब दुकानों को हटाने के लिए पूरी ताकत लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार वार्डवासी आश्वासन से संतुष्ट होने के मूड में नहीं है।

### सोरिद में बर्दाश्त नहीं शराब दुकान

सोरिद में नेशनल हाइवे पर शराब दुकान संचालित है। इस शराब दुकान के खोलने से पहले वार्डवासियों को सूचना तक नहीं दी गई थी। शराब दुकान खुलने के बाद से विरोध शुरू गया था। तीन साल से शराब दुकान को हटाने के लिए वार्डवासी मांग कर रहे हैं। वार्डवासी पुरूषोत्तम सिन्हा, बबीता वाल्टर, राकेश तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि मंडी परिसर में पर्याप्त जगह है। रिहायशी क्षेत्र से हटाकर इस दुकान को मंडी प्रांगण में ले जाया जा सकता है, लेकिन इस ओर प्रशासन जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है। यही स्थिति बस स्टैंड के पीछे स्थित शराब दुकान की है। यहां पर कई अस्पताल हैं, जहां पर मरीज और परिजन देर रात तक आना जाना करते हैं। शराब दुकान के कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

### इस दुकान से परेशानी

कलेक्टोरेट रोड स्थित शराब दुकान से लोग काफी परेशान हैं। यहां पर स्कूल और चर्च के सामने ही शराब दुकान है। यही नहीं शाम के वक्त यहां पर भीड़ काफी हो जाती है। शहर का व्यस्ततम मार्ग होने के कारण यहां पर हमेशा लोगों की आवाजाही रहती है। शराब दुकान होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। यहां पर रहने वाले लोग शराबियों की उटपटांग हरकतों से परेशान हैं। उन्होंने इस शराब दुकान को अन्यत्र ले जाने की मांग की है।

### सीजी पीएससी प्री- परीक्षा में दिखी कड़ी प्रतिस्पर्धा

# घुमावदार सवालों ने बढ़ाई चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ पहली पाली में राज्य और केंद्र से जुड़े 100 प्रश्न, कई अभ्यर्थी हुए असमंजस में

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के विभिन्न केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित हुई।



पहली पाली में कुल 100 प्रश्न पूछे गए, प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का था। प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित और 50 प्रश्न केंद्र सरकार से जुड़े विषयों पर आधारित थे। अधिकांश प्रश्न घुमावदार और विश्लेषणात्मक प्रकृति के रहे, जिससे परीक्षार्थियों को उत्तर चुनने में काफी सोच-विचार करना पड़ा।

### 2864 पंजीकृत, पहली पाली में 2334 हुए शामिल

नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर इंदिरा सिंह और डिप्टी कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने जानकारी दी कि जिले में कुल 2864 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 2334 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 2305 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। शहर में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### दूसरी पाली में भी रही गंभीरता

दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद 3 से 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और गोपनीयता के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया

परीक्षा देकर निकले कई अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न सीधे न होकर घुमावदार थे। सामान्य अध्ययन के साथ-साथ राज्य विशेष की गहन तैयारी करने वालों को ही बढ़त मिलने की संभावना है। सीजी पीएससी प्री- परीक्षा ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रतियोगिता का स्तर लगातार ऊंचा होता जा रहा है और सफलता के लिए व्यापक व गहन अध्ययन आवश्यक है।

### छत्तीसगढ़ से जुड़े सवालों ने खींचा ध्यान

राज्य से संबंधित प्रश्नों में पंचायत व्यवस्था, खनिज संसाधन, बजट और सामाजिक योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। पूछे गए प्रमुख प्रश्नों में शामिल रहे- छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायतों के वार्डों का विभाजन कौन करता है? गार्नेट खनिज किस जिले में पाया जाता है? वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में पीएम जनमन सड़क निर्माण योजना और मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण योजना के लिए कितना प्रावधान किया गया? बिहई किसका एक प्रकार है? बीस दुवरिया मंदिर कहां स्थित है? सखी वन स्टॉप सेंटर में अस्थायी आश्रय की अधिकतम अवधि कितनी है? वर्ष 2024 की स्थिति में राज्य की स्थापित विद्युत क्षमता कितनी मेगावाट है? पेंड्रा पठार किस क्षेत्र में स्थित है? इन प्रश्नों की प्रकृति तथ्यात्मक होने के साथ-साथ विश्लेषणात्मक भी रही, जिससे अभ्यर्थियों को गहराई से अध्ययन की आवश्यकता महसूस हुई।

### किराए पर लेने सामने नहीं आ रहे लोग

# निगम की कई दुकानें बिना उपयोग के हो रही जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जहां पर व्यवसाय की गुंजाइश नहीं है, वहां पर भी नगर निगम ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स बना दिया है। अब ये शॉपिंग काम्पलेक्स सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। इन दुकानों को लेने में लोगों की रूचि नहीं है, जिसके चलते ये दुकानें बिना उपयोग के ही जर्जर हो रही हैं।

शहर में विभिन्न जगहों पर खाली पड़ी जमीन को सुरक्षित रखने और निगम की आय बढ़ाने के लिए नगर निगम ने शॉपिंग काम्पलेक्स बनाए हैं। जानकारी के अनुसार पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर 595 शापिंग काम्पलेक्स बनाए गए हैं। अधिकांश दुकानों का लोकेशन ऐसे स्थान पर है, जहां पर व्यवसाय करना संभव नहीं है। ऐसे में लोग इन दुकानों को किराए पर लेने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। वहीं कई लोकेशन पर लोगों ने दुकानों को किराए पर तो ले लिया है, लेकिन दुकान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। कुछ लोगों ने दुकानें खोली हैं। व्यवसाय ढंग से नहीं चलने पर वे भी दुकानों को बंद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि किराएदारों ने नगर निगम को किराया भी देना बंद कर दिया है। उधर मार्च क्लोजिंग का समय काफी नजदीक है। ऐसे में नगर निगम के कर्मचारी घूम-घूमकर किराया वसूल रहे हैं।





### बाजार में भी दुकानों की पूछपरख नहीं

इतवारी बाजार में प्रथम तल पर बनाई गई 40 दुकानें अब तक नहीं खुल पाई हैं। उपर अवांछित तत्वों का डेरा रहता है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर 150 से ज्यादा दुकानें बनाई गई हैं। इतवारी बाजार के पीछे 20 दुकानें बनाई गई है, जहां पर कोई नहीं जाता है। ऐसे में इन दुकानों को लेने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। यही कारण है कि अब तक 15 दुकानें खाली पड़ी हैं। पांच दुकानें किराए पर हैं, लेकिन इनमें ज्यादातर दुकानों का उपयोग नहीं हो रहा है। एकलव्य खेल परिसर में बनाई गई 14 दुकानों में से कुछ दुकानों का अब तक आवंटन नहीं हो पाया है। नहरनाका चौक में भी कुछ दुकानें खाली हैं। सोरिद वार्ड डिपोपारा में दो दुकानें बिना आवंटन के जर्जर हो चुकी हैं।

### वसूली में हो रही परेशानी

इन दुकानों का आवंटन होने के बाद भी लोग अपना व्यवसाय चालू नहीं कर पा रहे हैं। अब तो कई किराएदारों ने नगर निगम को किराया देना भी बंद कर दिया है। हटकेशर में लोगों ने दुकानें खोली थी। धीरे-धीरे कई दुकानें बंद हो चुकी हैं। उधर किराया वसूली में निगम के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

# बाजार में बाहरी राज्यों का तरबूज पहुंचा, लोकल मिठास में अभी देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गर्मी की शुरुआत होते ही लोगों को राहत देने के लिए बाजार में तरबूज की आवक तेज हो गई है। फिलहाल स्थानीय स्तर पर तरबूज की फसल तैयार नहीं होने के कारण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से बड़े पैमाने पर तरबूज मंगाया जा रहा है। खुदरा बाजार में तरबूज 50 से 60 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। आकार, गुणवत्ता और मिठास के अनुसार कीमतों में अंतर देखा जा रहा है।

दोपहर के समय फल दुकानों और ठेलों पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ नजर आ रही है। गर्मी से राहत पाने और शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए लोग तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं।

स्थानीय व्यापारी कृपा सोनकर के अनुसार किसानों के खेतों में तरबूज की फसल अभी पूरी तरह तैयार नहीं हुई है। करीब 15 दिनों बाद स्थानीय तरबूज के बाजार में आने की संभावना है। लोकल फसल की आवक शुरू होते ही कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद जताई जा रही है।

दुकानदार नरेंद्र पटेल का कहना है कि होली के बाद छिटपुट रूप से स्थानीय तरबूज की सप्लाई शुरू हो सकती है। फिलहाल बाहरी राज्यों से आ रहा तरबूज ही गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मौत, ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम आंखीहर्रा और मर्रामपानी तिराहा के पास 31 नवंबर को शाम 6 बजें हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 आर 6260 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया। टक्कर के कारण आई गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 आर 6260 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोड़ेकुसी में दो दिनी वार्षिक मेला 25 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में आगामी 25 एवं 26 फरवरी को दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले को श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ आयोजित करने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। ग्राम पंचायत की सरपंच साधना सहारे ने बताया कि यह मेला गांव की परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

बड़े बुजुर्गों को युवाओं के साथ सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए : ओंकार

# आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र डाही का वार्षिक अधिवेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)





आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र डाही का वार्षिक अधिवेशन 21 फरवरी शनिवार को ग्राम हंकारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र धमतरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाही परिक्षेत्र अध्यक्ष सुभाष कतलम कर रहे थे, सभापति के रूप में रामकृष्ण मंडावी थे। कार्यक्रम की शुरुआत गौरा कलश शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। 28 गांव से आए हुए सामाजिक जनों की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इसी बीच छोटे-छोटे बच्चों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों के कार्यक्रम ने लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। सामाजिक जनों के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन मिला, जिला स्तर से आए हुए महिला प्रभाग के जिला अध्यक्ष कार्यक्रम में पहुंचे। उनके द्वारा दिए गए उद्बोधन से समाज के लिए प्रेरणादायक विचार रखा गया। सभी अतिथियों ने सामाजिक संगठन और सामाजिक जागरूकता बच्चों के संस्कार, उसके शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए समाज से निवेदन किया ताकि बच्चे अपना भविष्य तय कर सके और आगे चलकर वही भावी पीढ़ी समाज का नाम रोशन करेंगे, समाज के बागडोर संभालेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू ने कहा कि किसी भी समाज की संस्कृति उनके विरासत, उनके अधिकार, उनके संगठन और एकता पर निर्भर करता है। साथ ही उनके अधिकारों की रक्षा सामाजिक जागरूकता पर निर्भर करती है। इस देश में सदियों से जल जंगल की लड़ाई आदिवासी समाज लड़ते आ रहे हैं। साथ ही बड़े बुजुर्गों को युवाओं के साथ सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए, जिससे समाज मजबूत होगा। मौजूदा प्रदेश सरकार आदिवासी होते हुए भी आदिवासी नहीं है तथा आदिवासी समाज और प्रदेश के उत्थान के लिए के उनके द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है। सामाजिक मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सदस्य धमतरी, जितेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेनचुवा, कृष्ण कुमार मरकाम संयुक्त सचिव सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, श्रीमती डीगेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत हंकारा, श्रीमती सुमन ढालेश देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत डाही, श्रीमती अनुसूईया जयंत छेदैया ग्राम पंचायत बगदेही, श्रीमती धनेश्वरी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत बिरेतरा, श्रीमती सुनीता कमल नारायण मंडावी ग्राम पंचायत सेमरा डी, श्रीमती ईश्वरी नेताम जिला अध्यक्ष महिला प्रभाग गोल्ड समाज धमतरी, श्रीमती चंद्रकला नेताम जिला अध्यक्ष महिला प्रभाग सर्व आदिवासी समाज धमतरी, उदय नेताम महासचिव जिला गोंड समाज धमतरी, कमल नारायण मंडावी वीर मेला जिला उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी, श्रीमती शांति देवी मंडावी रक्षक महिला प्रभाग गोंड समाज धमतरी, श्रीमती भंडबाई पाटोदी तहसील सदस्य गोड समाज धमतरी, संरक्षक भीखम लाल नेताम, उपाध्यक्ष कुंज बिहारी मंडावी, सचिव ज्ञानिक मरकाम, संचालक भगत उइके, वरिष्ठ सलाहकार राम गोपाल नेटी, कोषाध्यक्ष चंद्रसेन नेटी, मीडिया प्रभारी टोकेश्वर नेताम, विवेचना कार जसवंत कुंजन, धन सिंह मंडावी, धनीराम सूर्यवंशी, दिव्या कतलम कोषाध्यक्ष तह धमतरी महिला प्रभाग,

इस अवसर पर पद्मनी ध्रुव, टेमीन ध्रुव, श्रीमती नन्दा ध्रुव, श्रीमती ईश्वरी नेताम, श्रीमती प्रेमलता ध्रुव, श्रीमती गीता ध्रुव, श्रीमती चंद्रकला नेताम, देवलाल मंडावी, हीरालाल मंडावी आनंद सिंह कोर्राम, शिव मंडावी, विशेसर मरकाम सहित समस्त परिक्षेत्र के वरिष्ठ जन महिला, बच्चे, युवा युवती समाज की इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# मगरलोड मंडल ने किया नवीन दायित्व प्राप्त पदाधिकारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

भारतीय जनता पार्टी मंडल मगरलोड द्वारा नवीन दायित्व प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष छत्रपाल साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष भानु प्रिया साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष झनेश्वर साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रवण साहू, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमल ध्रुव, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष द्रोण गायकवाड़, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू, तिलक साहू अजजा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश मरकाम सभी को अक्षत-तिलक लगाकर एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू ने कहा कि संगठन द्वारा दिया गया दायित्व केवल पद नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का अवसर है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी संगठन की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति कृषि स्थाई समिति टी आर कंवर, भाजपा मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा, विष्णु साहू,पार्षद यशोदा साहू, महिला मोर्चा कार्यकारणी सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, पदमिनी साहू,पूर्व ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, सोसायटी अध्यक्ष जनक साहू, भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य रमेश साहू, ललित नेताम, मनोहर लाल साहू, दिनेश सिन्हा, गोपी साहू, हेमंत साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करेली बड़ी में अवैध शराब बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी में अवैध शराब बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। सार्वजनिक जगहों में शराब पीकर गंदगी करना आम बात हो गई है। गांव में नशे की वजह से असामाजिक तत्वों की संख्या बढ़ रही है। अवैध शराब बिक्री से नगर का माहौल लगातार अशांत होते जा रहा है। सुबह और शाम होते ही बजरंग चौक, पटवारी पारा गांधी चौक, अटल व्यवसायिक परिसर, समरसता भवन के आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। पुलिस चौकी होने के बाद भी इन अवैध कार्यों में रोक नही लग पा रही है। इन लोगों को पुलिस का डर भी नही हैं।

नगरवासियों ने बताया कि शाम होते ही शराबियों का जमघट लग जाता है। नशे में धुत लोग मुख्य सड़क पर अपशब्द कहते रहते हैं। महिलाओं,लड़कियों को राह चलना मुश्किल हो जाता है।

नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा कि नगर का माहौल खराब करने वाले अवैध कार्यों में रोक लगाने की आवश्यकता है । नगर में शांति व्यवस्था बनाने प्रशासन से रोक लगाने की मांग की गई है।

# देश सेवा के लिए कुलदीप को ग्रामवासियों ने दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

देश सेवा की जज्बा के साथ कड़ी मेहनत कर सीआरपीएफ में चयनित होकर परिवार, गांव का नाम रोशन करने वाले कुलदीप साहू पिता मोहन साहू का परिवार जनों और समस्त ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ विदाई प्रेषित किया। कुलदीप के माता पिता ने मांगलिक टीका लगाकर अपने जिगर के टुकड़े को मातृभूमि की सेवा हेतु विदा किया गया।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू ने मां भारती की तैलचित्र भेंटकर कहा कि देश की सेवा करने का अवसर हर किसी के नसीब में नहीं होता। एक सिपाही, फौजी बनने के लिए किस्मत होना चाहिए। नौकरी तो बहुत है लेकिन देश के शरहद पर जाकर मां भारती की सेवा करना हर नौकरी से अलग है। ग्राम पंचायत कोलियारी की सरपंच वेनू देवेंद्र ध्रुव, उप सरपंच ईश्वर साहू, पंच मुकेश साहू, चिंता साहू, सहदेव साहू, राधा साहू, संजय साहू ने भी समस्त ग्रामवासियों की ओर से श्रीफल शाल भेंट कर शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ दोस्त, पढ़ने लिखने वाले सहपाठी और गांव की माताओं बहनों, युवा साथियों ने मिलकर गांव के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर रैली निकाली।

इस अवसर पर नारायण साहू शिक्षक, हरी राम साहू, कुमेश साहू,विकास साहू, विनय साहू, लेमन निषाद, योगेंद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस चयन में विशेष रूप से सेना भर्ती अकादमी के प्रमुख समीर गौर भखारा वाले का विशेष योगदान रहा जिसके कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्र के अनेक युवाओं का चयन हुआ है। इस कार्य के लिए अकादमी प्रमुख का ग्रामवासियों ने आभार माना है।

# भाजपा किसान मोर्चा मंडल नगरी के अध्यक्ष बने पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल नगरी के अध्यक्ष पद पर सांकरा निवासी पवन कुमार साहू की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व की सहमति एवं संगठन के निर्णय अनुसार हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, रायपुर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल तथा प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक ठाकुर की सहमति एवं कोर ग्रुप के निर्णय के पश्चात जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहिदास मिश्रा ने पवन साहू को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया। पवन साहू ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं किसानों के हित में समर्पित भाव से कार्य करेंगे। अपनी नियुक्ति पर पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, सुलोचना साहू, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, नागेंद्र शुक्ला, विकल गुप्ता, कमल डागा, नागेंद्र बोरझा सरपंच, जनपद सदस्य राजेशनाथ गोसाई, सोसाइटी समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, जन्मेजय साहू का आभार व्यक्त किया।

# दिमाग से दिल का सफर है सुदर्शन क्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



दि आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के गुरू श्री श्री रविशंकर द्वारा डिजाइन किए गए हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 17 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6:00 से 9:00 बजे मंगल भवन भखारा में किया गया जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्र के अनेक लोगों ने हिस्सा लिया ।

इस कार्यक्रम के प्रशिक्षक तामेश्वर साहू ने बताया कि इस प्रोग्राम में योग प्राणायाम, ध्यान के साथ-साथ श्वास की अद्भुत पद्धति सुदर्शन क्रिया सिखाया जाता है जो दिमाग से दिल का सफर है। आज के भागदौड़ व तनाव ग्रस्त जीवन में यह प्रक्रिया व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत व प्रसन्न होकर तरोताजा करता है। साथ ही आध्यात्मिक विकास होता है। कोर्स के सहयोगी शिक्षक हीरेंद्र साहू ,बसंत बैस, गोविंद यादव रहे। कोर्स के प्रतिभागी जितेंद्र जैन ने अपने अनुभव में बताया कि यह कार्यक्रम व्यक्ति को तनाव मुक्त करने के लिए बहुत ही अद्भुत है। प्रवीण साहू ने कहा इस कार्यक्रम से आत्मविश्वास में अत्यंत वृद्धि हुई है, यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है । इस प्रोग्राम में हेमंत साहू योगेंद्र सिन्हा, गौतमी पटेल, छबिलाल निर्मलकर, भूपेंद्र यादव, रामकृष्ण,हितेंद्र साहू , शिवेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, चेतना साहू, तारा तारक, तरुण कुमार, कुमकुम, ऐश्वर्या साहू, सुदर्शन लाल साहू, धर्मराज, जितेन्द्री साहू इत्यादि ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में भोजराज सिन्हा, राजा माधवानी, केशव साहू, विजय सोन, डॉ सन्तोष साहू, निर्मला साहू, घनश्याम साहू, घनश्याम परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लालबगीचा वार्ड में 24.10 लाख से बनेगी आरआरसीसी नाली



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लालबगीचा वार्ड में एनएच-30 से शिव मंदिर होते हुए तूफान चौक तक आर.आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर रामू रोहरा ने किया। इस विकास कार्य की लागत 24.10 लाख रुपये है। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से वार्डवासियों को स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत संरचना को मजबूत करने का अभियान निरंतर जारी है और यह कार्य उसी विकास संकल्प की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, श्यामलाल नेताम, हिमानी साहू, पार्षद कुलेश सोनी, चन्द्रभागा साहू, आशा लोधी, लक्ष्मण साहू, भागवत साहू, नन्दू लोधी समेत नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने नियमित संचालन करने की मांग की

# हीरीडीही में कचरा वाहन का नहीं हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरीडीही में बनाए गए कचरा संग्रहण केन्द्र एवं उपलब्ध कराए गए कचरा वाहन की वर्तमान स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत भवन के समीप खड़े कचरा वाहन को लंबे समय से उपयोग में नहीं लाया जा रहा है, जबकि कचरा संग्रहण केन्द्र में भी नियमित गतिविधियां दिखाई नहीं दे रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कचरा संग्रहण स्थल पर सूखे पत्तों एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री का लम्बे समय जमाव दिखाई देता है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अभी गांव की सफाई व्यवस्था नियमित रूप से संचालित नहीं की जा रही है। कुछ नागरिकों का मानना है कि यदि समय रहते स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो गांव में गंदगी, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका बढ़ सकती है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अनुरोध किया है कि स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जांच कराई जाए और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि गांव की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित हो सके। उनका कहना है कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे स्वच्छता अभियान का उद्देश्य पूर्ण हो सके। सरपंच से दूरभाष के माध्यम से संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई, किंतु संपर्क नहीं हो सका।

14 मार्च को नेशनल लोक अदालत

# न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का लोक अदालत में निराकरण कराएं

- तैयारी को लेकर अधिवक्ता संघ व न्यायाधीशों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य में इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को होगी। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी के संबंध में रामकुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय के सभी न्यायधीशों एवं अधिवक्ता संघ के साथ बैठक की गई। बैठक में चर्चा की गई कि न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किया जाए। अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों के प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के संबंध में समझाए और उसे राजीनामा हेतु चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आए।

बैठक में विनोद कुमार देवांगन कुटुंब न्यायाधीश, मोहन सिंह कोर्राम, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, श्रीमती रश्मि नेताम, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, श्रीमती अर्चना भास्कर, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, श्रीमती नमिता मिंजा भास्कर, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, श्रीमती नेहा उसेन्डी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी, सुश्री मीनू नंद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, नीरजधर तिवारी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ एवं समस्त अधिवक्ता उपस्थित थे।

# समाजसेवा का भाव लेकर निकले युवा

- वंदेमातरम समूह ने कमार जनजातीय गांव से की सेवा कार्य की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



एक ओर जहां आज के दौर में कुछ युवा भटकाव की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं, वहीं दूसरी ओर नगरी ब्लॉक के युवाओं ने समाज सेवा का संकल्प लेकर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन युवाओं ने सुविधाओं से वंचित एवं अत्यंत गरीब परिवारों की सहायता के उद्देश्य से वंदेमातरम समूह का गठन किया है।

समूह के 10 युवा सदस्य सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जरूरतमंद परिवारों के घर-घर पहुंचकर सेवा कार्य कर रहे हैं। वे गरीब परिवारों को पहनने के लिए कपड़े उपलब्ध करा रहे हैं तथा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें पुस्तकें, बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर रहे हैं। यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की तबीयत खराब होती है तो दवाइयों और राशन सामग्री की व्यवस्था भी कर रहे हैं।

सेवा कार्य की शुरुआत नगरी ब्लॉक के कमार जनजातीय ग्राम मसानडबरा से की गई है। युवाओं का कहना है कि उनका उद्देश्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करना और नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देना है। वे चाहते हैं कि युवा नशा एवं अन्य बुरी आदतों से दूर रहकर समाज सेवा जैसे रचनात्मक कार्यों से जुड़ें।

समूह के सदस्य श्रीकांत गंजीर, पार्थ प्रजापति, सुजल मरकाम, येमन गंजीर, वेदांत देवांगन, टुमेश पटेल, कौशिक गंजीर, जितेंद्र नागेश, बबलू मरकाम, सानू नागेश एवं मोहित सेन निरंतर सेवा कार्य में सक्रिय हैं। युवाओं ने संकल्प लिया है कि वे छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में समाज सेवा का संदेश फैलाते हुए अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ेंगे।

## निधन

### बिष्णुराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम खैरझिटी निवासी बिष्णुराम साहू का 18 फरवरी बुधवार को निधन हो गया। वे सुकारो बाई साहू के पति, बुधराज, चंद्रकुमार साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक जन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### त्रुटि सुधार सूचना

दिनांक 22.02.2026 को हरिभूमि समाचार के आंचलिक पृष्ठ में कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल धमतरी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी द्वारा मानक लाल साहू व अन्य के सीमांकन संबंधी एक सूचना प्रकाशित की गई थी। उक्त प्रकाशित सूचना में सीमांकन की तिथि भूलवश 21.03.2026 अंकित हो गई है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित सीमांकन कार्य की वास्तविक तिथि 02.03.2026 सोमवार है तथा पूर्व प्रकाशित तिथि 21.03.2026 के स्थान पर 02.03.2026 पढ़ा जाए।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बरहेली का कल वार्षिक मेला

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरहेली में बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेला 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले को लेकर ग्राम पंचायत बरहेली के सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंच एवं समस्त ग्रामीण पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष मेला खास इसलिए भी रहेगा क्योंकि पहली बार इसका आयोजन ग्राम पंचायत की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। मेले में आने वाले दुकानदारों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बिजली कनेक्शन की विशेष व्यवस्था की जा रही है और साथ ही पेयजल सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि व्यापारियों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच, जिला राजनंदगांव की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

### मलकानगिरी से लखमा ने फोन से सुकमा कलेक्टर से की चर्चा

जगदलपुर। कोंटा विधायक कवासी लखमा ने सुकमा कलेक्टर से फोन पर जनता को बेहतर इलाज देने के संबंध में चर्चा की। विधायक ने सुकमा हॉस्पिटल में जरुरत की दवाइयां उपलब्ध कराने कहा। साथ ही सर्जन डॉ. अनामय के हफ्ते में 2 दिन सुकमा हॉस्पिटल में सेवा देने की व्यवस्था करने कहा है। उन्होंने पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी से फोन पर चर्चा में कहा कि डॉ. अनामय सुकमा हॉस्पिटल में सेवा देते समय लोगों का उनके प्रति विश्वास बढ़ा था। जनता उनके कार्य से खुश व संतुष्ट थी।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर। लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को ज्ञापन देकर जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग में शराब पीकर महिला सुरक्षा गार्ड व लैब कर्मचारियों के साथ रात्रि मे शराब के नशे में धुत्त अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज करने के कारण सहायक नोडल अधिकारी को उनके मूलपदस्थपना स्थान पर वापस भेजने की मांग की। ज्ञापन में संघ के जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि फिरोज खान सहायक नोडल अधिकारी नेत्र विभाग द्वारा 9 दिसंगर 2025 को समय रात्रि 9.40 बजे महारानी अस्पताल परिसर नेत्र विभाग एवं पैथेलॉजी लैब के सामने शराब के नशे में धुत्त महिला गार्ड कर्मी के साथ-साथ रात्रिकालीन महिला लैब कर्मचारियों को भी अपने सहायक नोडल अधिकारी होने के रौब जताते हुए गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया। उसके बाद खान को गार्ड कर्मचारियों द्वारा बहुत समझाया गया कि नशे में हैं, आप यहां से चले जाइये, उसके बाद भी उन्ही महिला गार्ड कर्मियों द्वारा समझाइश देने बाद भी गाली-गलौज किया। संबंधित नोडल अधिकारी का यह कृत्य अशोभनीय है कोई भी अधिकारी, कर्मचारी का शराब सेवन कर ड्यूटी में आना शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (1) (एक) (दो) (तीन) का स्पष्ट उल्लंघन है।

महिला बाल विकास विभाग का आयोजन

# रामलीला मैदान में बच्चों का ब्लॉक स्तरीय विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड






महिला बाल विकास विभाग मगरलोड के प्रयास से रामलीला मैदान में ब्लॉक स्तरीय बच्चों का विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 फरवरी को मगरलोड में किया गया। शिविर में पेटल्स बाल अस्पताल, रायपुर से पीडियाट्रिशियन डॉ शिवानी, डॉ मानसी के साथ काउंसलर उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी सुमित गंडेचा ने बताया कि आज के शिविर में जनवरी के पोषण ट्रैकर रिपोर्ट अनुसार गंभीर कुपोषित बच्चों के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य लाभ हेतु बच्चों को स्वास्थ्य जांच के लिए बुलाया गया था। जिनमें से 244 बच्चों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लिया, मगरलोड के प्रत्येक ग्राम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बच्चों के माता पिता अपने बच्चों को लेकर उपस्थित हुए।

विभाग में संचालित मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत यह आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय आवश्यकता को देखते हुए पीडियाट्रिशियन से स्वास्थ्य जांच करवाना आवश्यक समझते हुए शाह नर्सिंग होम नवापारा के डॉ प्रतीक शाह के सहयोग से यह आयोजन कराया गया है। उन्होंने आगे बताया कि मगरलोड ब्लॉक में विशेषकर सिंगपुर, पठार क्षेत्र में कुपोषण की दर अधिक है, इनमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यह आयोजन सफल रूप से क्रियान्वित हो पाया है। धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में मोबाइल मेडिकल यूनिट भी उपलब्ध कराई गई थी जिसमें कि वयस्कों की स्वास्थ्य जांच भी की गई।

स्वास्थ्य विभाग ने सुदूर क्षेत्रों से बच्चों को लाने में अपने एंबुलेंस और वाहनों का सहयोग दिया। उपस्थित सभी बच्चों को आयुर्वेद विभाग से स्वर्णप्राशन पिलाया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से दवाइयां वितरण की गई। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना अंतर्गत निर्मित पोषण पाउडर महिला बाल विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया। शिविर में उपस्थित बच्चों के माता-पिता को खान-पान संबंधी कुपोषण के कारण, सही वजन संबंधी जानकारी दी गई। पोषण स्वास्थ्य केंद्र (एनआरसी) का उद्देश्य बताया गया। कई माता पिता ने एनआरसी का भ्रमण किया और बच्चों को वहां प्रवेश दिलाने को तैयार हुए। यूनिसेफ के जिला समन्वयक दीपक गोजे ने दोनों विभाग के संयुक्त प्रयास की सराहना की तथा कहा कि आज हम एक तीर से कई निशाने लगा पाये। एक ही आयोजन में कई उद्देश्यों की पूर्ति की गई है। स्थानीय जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू के माध्यम से अंत में पेटल्स हॉस्पिटल रायपुर को विकासखंड की ओर से अभिनंदन स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना अधिकारी सुमीत गंडेचा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल शारदा ठाकुर, बीपीएम मनोज पटेल, चिरायु टीम से डॉ चक्रधारी, अंजलि धृतलहरे, फार्मासिस्ट संतोष, पर्यवेक्षक सुनीता सोनी, नंदा सिंह, लोमस तारम, श्रद्धा गौतम, झामिन बिझेकर, डोमार बिंझेकर, रेखराज, शेष सहित स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा है।

## लिमतरा के शिवमहापुराण के अंतिम दिवस पर उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पांच दिवसीय शिवमहापुराण कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास कामताप्रसाद शरण ने शिव विवाह कथा प्रंसग के साथ नारी सशक्तिकरण और विवाह परंपरा का रोचक वर्णन किया। उन्होंने कथा के साथ मानवीय संवेदना, व्यवहार सदाचरण के साथ शिवमहापुराण कथा के महत्व को प्रतिपादित किया। भजन मंडली की ताल और सुर अचानक ब्रेक करते हुए सभी से ताली बजाने का आग्रह करते रहे जिससे राम नाम का लाभ सभी को मिल सके।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर सभी श्रद्धालुजनों के लिए जनसहयोग से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में दवारिका साहू, कोमल, घनश्याम भावेंद्र अग्रवाल, हेमंत, कार्तिक साहू, फगेशवर, ज्ञानानंद, गोपाल साहू, भुनेशवरी ईशवरी,फगेशवरी, नंदूसाहू, आंनद चंद्राकर, हरदेव, चुम्मन, डोमनलाल, देवकुमार, मुकेश बंजरंग, भेषकुमार, रवि ध्रुवंशी, अमरदास, चेमन लाल, इंदल, करण साहू, अनिल बनपेला, दयालु अशवनी,ओमप्रकाश वीरेंद्र कोमलसेन, सहदेव नीलमणी, जगमोहन सग्राम निरमलकर, गोविंद चंद्रहास, भगवती, सुक्रीत, दशरथ, टकेश, केशकुमार, कुंदन, और घनश्याम सिंह साहू के साथ ग्रामवासियों, सेवादारों सभी महिला समूह तथा ग्रीन आर्मी महिला कमांडो का सहयोग मिला कार्यक्रम का संचालन फगेशवर साहू ने किया।

## बच्चों ने दी लोक, पंथी नृत्य की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला बालक बठेना में समग्र शिक्षा के तहत पूर्व व्यावसायिक शिक्षा विधा लोकनृत्य का चयन किया गया था। लोकनृत्य प्रशिक्षक श्रीमती कलेश्वरी साहू द्वारा नृत्य प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी शिक्षक प्रेमराज भोई एवं प्रधान पाठक राजेंद्रप्रसाद सिन्हा के मार्गदर्शन में नृत्य प्रशिक्षण का समापन समारोह एवं शाला स्थापना के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य, पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती भारती साहू थीं।

अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती दामेश्वरी सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि संतोष साहू, जीवन सिन्हा, विनोद साहू, रजनी निषाद, टिकेश्वरी साहू थे। इस अवसर पर गिरिजा गंगेले प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक शिप्रा शर्मा, घनश्याम साहू, सूरज कंवर, तेजल साहू, रोहित साहू, मीनाक्षी वर्मा, प्रिया मेश्राम, राधाबाई, फूलोबाई, भगवती सिन्हा, खिलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## पुलिस विभाग में 28 युवाओं का शानदार चयन



- मेहनत और समर्पण से हासिल किया सफलता का नया मुकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

28 युवाओं का चयन पुलिस विभाग में हुआ है। यह चयन केवल एक नौकरी का अवसर नहीं, बल्कि देश सेवा की ओर एक मजबूत कदम है। इन युवाओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह सफलता प्राप्त की है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। यह सभी युवा रुद्री स्थित फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण लिया है। इन 28 युवाओं का चयन दिखाता है कि अगर मेहनत और सही मार्गदर्शन हो, तो कोई भी सपना साकार हो सकता है। इससे पहले 20 युवाओं का चयन पुलिस विभाग में हुआ था, और अब इन नए चयनित युवाओं ने इस उपलब्धि को और बढ़ाया है। सभी चयनित युवाओं को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के संचालक पूर्व सैनिक एल.के. साहू ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनका कहना था, कि कड़ी मेहनत और पसीने की हर बूंद सफलता की कहानी लिखती है। वही लोग इतिहास रचते हैं, जो कभी हार नहीं मानते। चयनित युवाओं में सोमेश कुमार राहुल चंदन राजा कुलदीप दिलीप खेलेश्वर तुषार प्रदीप नरेश अंजू लता नटराज तिजलाल सचिन मोक्ष कामिनी ठाकुर दिनेश्वर नीलम मीरा यादव युगल पुष्पेंद्र भूपेंद्र सूर्या संजय चम्पेश्वर शामिल हैं।

## बच्चों के प्रथम गुरु उनके माता पिता होते हैं : बाबर



- प्राथमिक शाला लोहरसी में मातृ पितृ दिवस कार्यक्रम में जिपं सदस्य कविता बाबर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम लोहरसी में बाजार पारा प्राथमिक शाला में मातृ पितृ दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कविता योगेश बाबर थीं। अध्यक्षता सरपंच महेश्वरी गजेन्द्र ने की। सभा स्थल पहुचने पर अतिथियों का स्वागत स्कूल के बच्चों ने पुष्प वर्षा कर व आरती उतारकर बड़े ही उत्साह पूर्वक किया। तत्पश्चात भारत माता, सरस्वती माता, तथा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि स्वागत उपरांत विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत सुंदर तरीक़े से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और कार्यक्रम स्थल में उपस्थित सभी बच्चों के माता पिता का सम्मान बच्चों द्वारा आरती कर गुलाल लगाकर अभिनंदन किया गया।

अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि बच्चों के प्रथम गुरु उनके माँ व पिता होते है जो उनके इस दुनिया में आने पर उन्हें चलना फिरना बोलना सिखाते हैं और जब जीवन में कोई कष्ट या परेशानी होती है तो वह उसका सामना कैसे करना है यह भी सिखाते हैं। फिर जब बच्चा थोड़ा बड़ा होकर शिक्षा प्राप्त करने स्कूल जाता है तब उसके द्वितीय गुरु शिक्षक होते हैं जो कि बच्चों को शिक्षा देते हैं और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। क्योंकि बचपन में बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं जिनको रंग रूप और आकार देने का काम शिक्षक करते हैं। लोहरसी का यह स्कूल सन 1918 से संचालित है और इस स्कूल की विशेषता यह है कि यहां बच्चों और शिक्षकों में अनुशासन देखते ही बनती है। यहाँ आजादी के पूर्व की बहुत सी चीजों को आज भी सँजो कर रखा गया है जिसे एल्बम के रूप में शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है जिसका विमोचन श्रीमती बाबर ने किया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया इस अवसर पर उप सरपंच चन्द्रहास साहू, सावली राम, ओंकार निर्मलकर पंच, दीपक सोनकर, भीष्म सोनकर, नंदनी निर्मलकर, सरिता साहू, बलराम साहू, पंच श्रीमती दिलेश्वरी सिन्हा, प्रधान पाठक सुनील यदु, दीपक वैद्य, ज्योतिष विश्वास, नीलिमा नेताम सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

## जय भवानी–जय शिवाजी से गूंजा आकाश

- शिवाजी गौरव रथ के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





इतिहास जब वर्तमान से मिलता है, तो वह केवल आयोजन नहीं-एक आंदोलन बन जाता है। 20 फरवरी 2026 की यह सुबह कुरुद जीजामगांव के लिए ऐसा ही ऐतिहासिक क्षण लेकर आई, जब नासिक से प्रारंभ हुई राष्ट्रीय गौरव यात्रा का भव्य गौरव रथ माँ मातंगी दिव्य धाम पहुँचा और पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।

जय भवानी! जय शिवाजी! के ओजस्वी उद्घोष के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज की अमर गाथा ने जनमानस को राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के रंग में रंग दिया। यह केवल श्रद्धा का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का विराट उत्सव था। 14 फरवरी को नासिक से आरंभ हुई यह गौरव यात्रा, जगन्नाथ पुरी में शिव जन्मोत्सव संपन्न कर वापसी मार्ग में छत्तीसगढ़ पहुँची। प्रातः बिरेझर चौकी के समीप जैसे ही रथ के दर्शन हुए, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सायं 5 बजे माँ मातंगी दिव्य धाम में वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा और पारंपरिक वंदन के साथ रथ का ऐतिहासिक स्वागत हुआ। इसके पश्चात निकली विराट शोभायात्रा ने पूरे कुरुद को केसरिया आभा में रंग दिया।

भोलेबाबा–माँ पार्वती स्वरूप धारण किए श्रद्धालु, नंदी पर सवार दिव्य झांकी, भूत–प्रेत गणों की आकर्षक प्रस्तुति और हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब - हर दृश्य अलौकिक और रोमांचकारी था। माँ मातंगी दरबार से एनएच–30 तक निकली यह बारात मानो शिवशक्ति का साक्षात प्रवाह थी। कार्यक्रम सायं 5 बजे से रात्रि 1 बजे तक चला।

### सांस्कृतिक जागरण का प्रखर अभियान

इस विराट आयोजन का संचालन छावा भारत क्रांति मिशन द्वारा किया गया। पिछले 17 वर्षों से संस्था देशभर में उन क्षेत्रों में शिवाजी जयंती मना रही है, जहाँ यह परंपरा स्थापित नहीं थी। संस्था ने छत्तीसगढ़ सरकार से माँग की है कि शिवाजी महाराज की जीवनी और शौर्यगाथा को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए तथा केंद्र सरकार शिवाजी जयंती को "राष्ट्रीय गौरव दिवस" घोषित करे।

माँ मातंगी धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमा साईं महाराज ने कहा कि यदि आज भारत की संस्कृति, मंदिर और सनातन परंपराएँ सुरक्षित हैं, तो उसमें शिवाजी महाराज के पराक्रम और बलिदान का अमूल्य योगदान है। नई पीढ़ी को उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। रात्रि 7 बजे से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन एवं जस गीत सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उनके भजनों पर हजारों श्रद्धालु झूमते रहे और देर रात तक भक्ति का सागर उमड़ता रहा। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रेमा साईं महाराज के साथ जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माँ मातंगी दिव्य धाम की ओर से शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## भखारा-भठेली नगर पंचायत में सुरक्षा को लेकर बड़ी पहल

- सार्वजनिक स्थलों व मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी







नगर पंचायत भखारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा अपनी निधि का सदुपयोग करते हुए भखारा एवं भठेली के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, प्रवेश द्वारों और प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, जिनका संचालन प्रारंभ हो चुका है।

इस योजना के तहत रामपुर रोड स्थित दंतेश्वरी मंदिर के पास, भठेली स्वागत द्वार, पुराना बाजार चौक, बस स्टैंड, मंडी रोड तथा मुख्य मार्गों के अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इन कैमरों के माध्यम से नगर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की रिकॉर्डिंग निगरानी की जा रही है, जिससे अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार एवं आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि नगर की बढ़ती गतिविधियों और जनसंख्या को देखते हुए आधुनिक तकनीक के माध्यम से निगरानी व्यवस्था आवश्यक हो गई थी। इसी उद्देश्य से निधि का उपयोग कर चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इन कैमरों की सतत मॉनिटरिंग के लिए जनभागीदारी का सहयोग भी लिया जा रहा है, ताकि व्यवस्था प्रभावी और पारदर्शी बनी रहे। अध्यक्ष ने आगे कहा, "यह केवल निगरानी की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास स्थापित करने की पहल है। जनसहयोग से ही नगर को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है।" नगर के कई नागरिकों एवं पुलिस विभाग ने इस पहल की सराहना की है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार एवं बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कैमरे लगने से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी सुरक्षा मिलेगी। वहीं युवाओं एवं आम नागरिकों ने इसे आधुनिक नगर की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

नगर पंचायत द्वारा आगामी समय में आवश्यकता के अनुसार अन्य प्रमुख स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा का दायरा और अधिक मजबूत किया जा सके।

### महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने रंजना से की मुलाकात

धमतरी। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने अपनी टीम की घोषणा की। उसके बाद टीम की पदाधिकारियों ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू से मुलाकात की। रंजना साहू ने पदाधिकारियों को सरकार की नीतियों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने, नारी सशक्तिकरण के लिए महिला मोर्चा को सतत रूप से कार्य करने हेतु मार्ग प्रशस्त किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती जागेश्वरी साहू, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती रुक्मणि सोनकर उपस्थित रहीं।

## भगवान शिव की पूजा मन के विकारों को त्याग कर करनी चाहिए

धमतरी। ग्राम भटगांव में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में सरिता बहन ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव शंकर की सच्ची पूजा बाहरी आडंबर से नहीं, बल्कि मन के विकारों को त्याग कर करनी चाहिए। धतूरा, कनेर और भांग जैसे प्रतीकात्मक पदार्थ चढ़ाने की परंपरा पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविक परिवर्तन तब होगा जब हम अपने मन का जहर, कटु वचन और नकारात्मकता भगवान को अर्पित कर आत्मशुद्धि का संकल्प लें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सांकरा, वि.खं.- नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)**
E-mail :- sankaragrampanchayat@gmail.com

क्र. 532/ग्रा.पंचा./ बाजार/ 2025-26 — सांकरा, दिनांक 02/02/2026

// बाजार नीलामी सूचना //
Main Portal:- https://eproc.cgstate.gov.in

ग्राम पंचायत सांकरा के बाजारों की नीलाम वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निम्नांकित शर्तों के अधीन दिनांक 25.02.2026, दिन बुधवार को समय 11.00 बजे से ग्राम पंचायत सांकरा में किया जावेंगा। इच्छुक व्यक्ति या संस्था निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होकर बाजार नीलामी की बोली अमानत राशि जमा कर लगा सकते है।

| बाजार का नाम | शासकीय बोली | नीलामी हेतु देय अमानत राशि |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |
| सोमवार बाजार | 128895.00 | 12890.00 |
| शुक्रवार बाजार | 66509.00 | 6651.00 |

:: बाजार नीलामी के शर्ते ::
1. बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति को कालम 02 में दर्शित न्यूनतम शासकीय बोली के 10 प्रतिशत राशि अमानत अग्रीम जमा करना होगा । तथा बोली 1000 रूपये से अधिक के अंतर में लगाया जायेगा।
2. अधिकतम बोली ही स्वीकार किया जावेगा। जिस व्यक्ति का बोली स्वीकार की जाती है, उसे तत्काल नीलामी राशि का 25 प्रतिशत नगद /चैक के माध्यम से जमा करनी होगी। बोली दिनांक को शाम 05 बजे तक 25 प्रतिशत राशि जमा न करने पर कंडिका 01 में जमा राशि 10 प्रतिशत जप्त कर नीलामी रद्द की जावेंगी ।
3. नीलामी स्वीकृति होने के बाद 25 प्रतिशत राशि जमा होने पर 30 दिन के भीतर पटटा विलेख निष्पादन किया जावेंगा। निर्धारित अवधि में पट्टा विलेख निष्पादन न करने पर, 25 प्रतिशत राशि जब्त कर नीलाम रद्द की जावेगी ।
4. नीलामी की स्वीकृति बोली का 25 प्रतिशत कंडिका 03 में जमा राशि को छोड़कर शेष राशि तीन समान किस्तों में जून, सितम्बर व दिसम्बर 2026 तक जमा करना होगा । अन्यथा पट्टटा बिना किसी सूचना के निरस्त किया जा सकेगा।
5. बोलीकर्ता व्यक्ति के लिए अनिवार्य होगा कि ग्राम पंचायत के किसी प्रकार के बकायादार न हो, तथा न्यायालय द्वारा दीवालिया घोषित न हो। यदि किसी व्यक्ति को पूर्व में बाजार आंबटित किया गया हो या पट्टाधारी किसी शर्तों का उलघन करने के कारण अयोग्य घोषित किया गया हो तो वह व्यकित बाजार नीलामी में भाग नहीं ले सकता ।
6. जिन व्यक्तियों का बोली मान्य नहीं होगा कंडिका 01 में उल्लेखित अग्रिम जमा राशि उसी दिन वापस कर दी जावेगी ।
7. बाजार नीलाम की अवधि 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के आयोजित होने वाले बाजार दिवस के लिए होगी।

सरपंच
ग्राम पंचायत सांकरा







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मितानिन का किया सम्मान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा क्षेत्र में आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और मितानिन ट्रेनर का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को सराहनीय बताते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद रेणु साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी समाज के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। ये बहनें शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण के प्रति लोगों में जनजागरूगता, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशुओं की निगरानी, तथा कुपोषण की पहचान कर उचित मार्गदर्शन देने में इनकी अहम भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, वितरण, वजन और स्वास्थ्य की नियमित जांच जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

### ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सत्तीबाजार चौक में ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग समस्त व्यापारी और निवासियों ने प्रशासन से की है। इस संबंध में नगरवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए हम क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों द्वारा पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी आजाद चौक, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं पार्षद सत्तीबाजार को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। लंबे समय से इस क्षेत्र में धुमाल, डीजे, अत्यधिक तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम एवं विभिन्न प्रकार के जुलूसों के कारण असहनीय ध्वनि प्रदूषण एवं अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है।

अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज़

# बैडमिंटन कोर्ट पर जुनून : कुरूद में 11 साल के देवांश और 70 साल के सुखलाल ने बिखेरा खेल का जादू

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम स्थित बैडमिंटन कोर्ट-2 में बैडमिंटन बॉयज क्लब द्वारा आयोजित प्रथम एक दिवसीय अंतरराज्यीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलोक चंद जैन ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हितेंद्र केला, योगेश चंद्राकर, विजय केला, अजय केला, गिरीश वाजपेयी, बलराम साहू और भोजराज चंद्राकर उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया।

बैडमिंटन ब्वायज क्लब के सदस्य रविकांत चंद्राकर, हुमन साहू, दिनेश केला, मोनू अग्रवाल, प्रसन्ना नायडू, हरीश केला, थानेंद्र साहू, सचिन बागे, कमलेश दीवान, अविनाश तिवारी और अभिषेक ठाकुर सहित समस्त पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।





#### ओडिशा और छत्तीसगढ़ की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला

इस एक दिवसीय आयोजन में पुरुष ओपन युगल और 40 प्लस वेटरन्स युगल इवेंट्स रखे गए। टूर्नामेंट में कुल 56 टीमों (ओपन में 27 और सीनियर में 29) ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें छत्तीसगढ़ के धमतरी, जगदलपुर, खैरागढ़, रायगढ़, महासमुंद के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा के बलांगीर, कालाहांडी और भवानीपटना के खिलाड़ी भी शामिल हुए।

#### उम्र को मात देता खेल का जुनून

टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण खिलाड़ियों का उत्साह रहा। जहाँ एक ओर 11 वर्षीय नन्हे खिलाड़ी देवांश ने सबसे कम उम्र के प्रतिभागी के रूप में सबका दिल जीता, वहीं 70 वर्ष के सुखलाल, वीरेंद्र सोनी और सुरेश वर्दियानी ने कोर्ट पर अपनी स्फूर्ति से युवाओं को भी हैरान कर दिया।

## मोटर पंपों में क्लोरीन घोल का छिड़काव, 17 पंपों में कार्य पूर्ण

- जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं पानी की गुणवत्ता की जांच भी हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम द्वारा शहर में पेयजल की शुद्धता एवं नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोटर पंपों में क्लोरीन घोल डाला जा रहा है। इस अभियान के तहत गोकुलपुर, भटगांव रोड, शीतलापारा, आंगनबाड़ी परिसर, नवागांव, गंगा तालाब, बानिया तालाब, सुगंध तालाब सहित कुल 17 मोटर पंपों में क्लोरीन घोल का डोजिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

नगर निगम के स्वास्थ्य एवं जल विभाग की टीम द्वारा यह कार्य नियमित निगरानी में किया जा रहा है, ताकि जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि मौसम परिवर्तन को देखते हुए पानी की गुणवत्ता बनाए रखना आवश्यक है, इसलिए मोटर पंपों में समय-समय पर क्लोरीन घोल डाला जा रहा है। शेष मोटर पंपों में भी क्लोरीन घोल डालने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इसके साथ ही जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं पानी की गुणवत्ता की जांच भी नियमित रूप से की जा रही है।

## कचरे से कंचन की ओर बढ़ रहा निगम

- रोजाना 22 टन कचरे के निपटारे के लिए 9 केंद्रों पर लगेंगी हाईटेक मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करीब 1.30 लाख की आबादी वाले धमतरी शहर में कचरा प्रबंधन का काम नगर निगम बड़ी आसानी से कर रहा है। शहर के 40 वार्डों से प्रतिदिन लगभग 22.84 टन गीला और सूखा कचरा निकल रहा है। इसके निपटान पर निगम हर महीने करीब 52 लाख रुपए खर्च कर रहा है। जोधापुर स्थित डंपिंग पॉइंट में कचरे का पहाड़ खड़ा हो चुका है। आने वाले समय में समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि नगर निगम ने कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। शहर के 9 मणिकंचन केंद्रों में 10 अत्याधुनिक मशीनें लगाने की तैयारी की गई है। कुल लागत 4.75 करोड़ रुपए आयेगी। शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0) अंतर्गत किया जाएगा।





#### ऐसे होगा कचरे का वैज्ञानिक निपटान

ट्रामिल एवं इंसीनरेटर मशीनों से गीले कचरे से जैविक खाद तैयार होगी। सूखे कचरे का पुनर्चक्रण कर राजस्व सृजन की दिशा में पहल होगी। जीरो डंप साइट और कचरे से कंचन की अवधारणा को साकार करना। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही मशीनों की स्थापना शुरू कर दी जाएगी। 80 रिक्शा, 3 जेसीबी, 3 टिप्पर, 2 ट्रैक्टर, 16 टाटा मैजिक वाहन, 192 स्वच्छता दीदी, 54 नियमित सफाईकर्मी, 70 प्लेसमेंट कर्मचारियों की मदद से शहर में वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निपटान हो रहा है।

नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने बताया कि 4.75 करोड़ रुपए की परियोजना के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही सभी 9 मणिकंचन केंद्रों में आधुनिक संयंत्र स्थापित कर कचरा प्रबंधन व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाएगा।

## धमतरी में सैनिक स्कूल पर श्रेय की राजनीति तेज

- पूर्व महापौर विजय देवांगन ने बताया—2021 में लिखा था पत्र

**धमतरी।** जिले में सैनिक स्कूल खोले जाने के लिए शिक्षा विभाग संचालनालय से सहमति मिलने के बाद अब श्रेय को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने दावा किया है कि उन्होंने महापौर रहते हुए 13 अगस्त 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सैनिक स्कूल सहित कई विकास कार्यों के लिए लिखित पत्र सौंपा था। श्री देवांगन ने बताया कि वे 13 अगस्त 2021 को कांग्रेस के तत्कालीन जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, तत्कालीन निगम सभापति अनुराग मसीह, तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी और जिला पंचायत सदस्य तारिणी नीलम चंद्राकर के साथ रायपुर गए थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अलग-अलग विषयों पर ज्ञापन सौंपे थे। पूर्व महापौर के अनुसार, उनके मांगपत्र में निम्न मांगें - धमतरी जिले में सैनिक स्कूल की स्थापना, डीएड और बीएड कॉलेज की शुरुआत, सिहावा चौक से नहर नाका तक सड़क चौड़ीकरण, बिलाई माता मंदिर मार्ग का विकास, बस स्टैंड के लिए खपरी से पुराने



रायपुर मार्ग का निर्माण, गुजराती कॉलोनी क्षेत्र का विकास, जिला अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार, पुरानी मंडी में एग्रो मॉल की स्थापना, 7 तालाबों का विकास और सौंदर्यीकरण मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, गोलबाजार व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का उन्नयन, एनएच से हरफतराई नहर तक बीटी रोड अधोसंरचना मद से कार्य आदि शामिल हैं। श्री देवांगन ने कहा कि सैनिक स्कूल की स्थापना को लेकर कांग्रेस की ओर से पूर्व में ही मांग पत्र दिया गया था। हालांकि अब शिक्षा विभाग से सहमति मिली है, लेकिन इसे लेकर श्रेय की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए निरंतर प्रयास किए गए थे और अब स्वीकृति मिलने पर इसे सामूहिक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए।

## विद्युत ऑपरेटर ने सुरक्षा उपकरण मांगी तो मिली सजा

- ठेका कंपनी पर 30 किमी दूर भेज प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कुरूद संभाग में कार्यरत विद्युत उपकेंद्र के एक ऑपरेटर ने ठेका कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ऑपरेटर का आरोप है कि जायज मांगों को उठाने पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। ताजा मामला कातलबोड़ उपकेंद्र का है, जहाँ कार्यरत ऑपरेटर कुलेश्वर साहू को नियुक्ति पत्र के अनुसार मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा उपकरण मांगने पर सजा के तौर पर 30 किलोमीटर दूर हसदा उपकेंद्र भेज दिया गया है। ऑपरेटर का दावा है कि उन्हें रिलीवर बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है ताकि अन्य कर्मचारी आवाज न उठा सकें।



#### सुरक्षा मानकों की अनदेखी

शिकायत के अनुसार, हाई-वोल्टेज सब-स्टेशनों पर काम करने के बावजूद ठेकेदार द्वारा सुरक्षा उपकरण, यूनिफॉर्म, आधिकारिक मोबाइल और स्टेशनरी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उल्टा, कर्मचारियों पर इन सामग्रियों को निजी खर्च पर खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। जब कुलेश्वर साहू ने अपना हक मांगा तो उन्हें कातलबोड़ से 30 किमी दूर हसदा (मगरलोड) रिलीवर के रूप में भेज दिया गया है। जिसके लिए उन्हें शिफ्ट चार्ट भी उपलब्ध नही कराया गया है।

#### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

विद्युत आपूर्ति जैसी संवेदनशील सेवा में लगे इस कर्मचारी ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस दंडात्मक स्थानांतरण को तत्काल रद्द किया जाए। उन्होंने ठेकेदार के विरुद्ध विभागीय जांच और नियुक्ति शर्तों के अनुरूप सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## विकास निधि और 15 वें वित्त से हो रहा पंचायतों का विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

15वें वित्त की राशि जारी होने के बाद जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। जनपद सदस्य अग्रवाल (अमन) साहू कई कार्यों के लिए अपने निधि का उपयोग उपयोग कर रहे हैं। जनपद सदस्य अग्रवाल साहू ने कहा कि अर्जुनी, खपरी और भानपुरी की जनता ने उन पर जो भरोसा जताया है। वे उनके भरोसे को कायम रखने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। अर्जुनी में शीतला तालाब के पास बोर खनन एवं पंप कनेक्शन 1.68 लाख, ग्राम भानपुरी में यामिनी साहू के घर से गन्न यादव के घर की ओर नाली निर्माण 1.68 लाख और ग्राम खपरी में राजेंद्र सिन्हा के घर से राम सेवक के घर तक सीसी रोड के लिए 2.24 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इन कार्यों के लिए कुल 5.60 हजार रुपए की स्वीकृति हुई है। खपरी और भानपुरी में जनपद पंचायत विकास निधि से 1-1 लाख रुपए से शीतला मंदिर प्रांगण में टाइल्स, चेकर, पेवर ब्लाक लगाए गए हैं।



### ग्रामीणों को दी सामाजिक न्याय की जानकारी

**धमतरी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन तथा श्रीमती नेहा उसेन्डी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर ग्राम बेन्द्रानवागांव, में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, न्याय, मानवाधिकार एवं अवसरों की समानता को बढ़ावा देना रहा।

## ठेकेदार की लापरवाही से परेशान हुए मकई चौक के व्यापारी और निवासी

**धमतरी।** मकई चौक के व्यापारी और आसपास के निवासी इन दिनों एक ठेकेदार की लापरवाही के कारण भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। इस मुद्दे का संज्ञान लेते हुए नगर निगम के जल सभापति अखिलेश सोनकर और स्वास्थ्य सभापति निलेश लूनिया ने मौके का निरीक्षण किया।

ठेकेदार की लापरवाही के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित

जानकारी के मुताबिक, ठेकेदार द्वारा किए गए निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिससे क्षेत्र के पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई थी। पाइपलाइन के नुकसान के कारण व्यापारियों और निवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कई क्षेत्रों में पानी की कमी हो गई।



#### निगम की टीम ने किया त्वरित उपाय

मामले की गंभीरता को समझते हुए नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत की और जल आपूर्ति को तुरंत चालू कर दिया। अब क्षेत्र में पानी की आपूर्ति फिर से सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है, जिससे स्थानीय निवासी और व्यापारी राहत महसूस कर रहे हैं।

#### ठेकेदार को दी गई सख्त चेतावनी

अखिलेश सोनकर और निलेश लूनिया ने इस लापरवाही के लिए ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम ने ठेकेदार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आगामी कार्यों में कोई भी नुकसान न हो और सभी निर्माण कार्य सही तरीके से और गुणवत्ता के अनुसार किए जाएं।

## सब्जियों की बहार से महंगाई पर वार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फरवरी माह की शुरुआत के साथ ही हरी सब्जियों की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। बंपर उत्पादन और लोकल बाड़ियों से भरपूर आवक के कारण बाजार हरी सब्जियों से पट गया है। नतीजतन टमाटर, गोभी, लौकी, पत्ता गोभी, भाटा सहित कई सब्जियां 10 से 15 रुपये प्रति किलो के साथ बेहद सस्ते दाम पर बिक रही हैं। सस्ती सब्जियों ने आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है और खरीदारी करने वालों के चेहरे खिल उठे हैं।

बाजार में हालात ऐसे हैं कि लोग थैला भरकर सब्जियां खरीद रहे हैं। घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाए जा रहे हैं। सब्जी विक्रेता सुमन पटेल और उदय राम सोनकर ने बताया कि इस समय स्थानीय किसानों की सब्जियों का उत्पादन चरम पर है, जिससे बाजार चारों तरफ हरी सब्जियों से भर गया है। हर ठेले और दुकान पर हरियाली ही हरियाली नजर आ रही है।



इतवारी बाजार में सब्जी विक्रेता कैलाश पटेल के अनुसार रविवार को सब्जियों के दाम में भटा 10–15, टमाटर 10, गोभी 10, पत्ता गोभी 10, लौकी 10, मूली 10, गांठ गोभी/नवलगोल 10, मटर 20, डोडका 20, सेमी 20, गाजर 30, कद्दू 30, तोरी 30, शिमला मिर्च 40, धनिया हरा 40, परवल 40, भिंडी 50, बरबटी 50, हरी मिर्च 80, मुनगा 80, करेला 80, केला 20 रुपये प्रति किलो बिके। वहीं किराना सामग्री में आलू 15, प्याज 25, शक्कर 45, गुड़ 55, लहसुन 140, रिफाइंड तेल 120, सरसों खड़ी 90, मेथी दाना 80, अरहर दाल 120, मूंग दाल 100, उड़द दाल 110, मसूर दाल 90, काबुली चना 100, देसी चना 75, सफेद मटर 60, हरा मटर 100, चना दाल 85, पोहा 50, खड़ा मसूर 80 रुपये प्रति किलो रहा। अंडा 70 रुपये दर्जन बिका। कुछ सब्जियों की आवक कम होने से उनके दाम अपेक्षाकृत ऊंचे बने हुए हैं। कुंदरु, करेला 80, बरबटी 50, भिंडी 50, गवारपल्ली 60 और देशी किस्म 80 रुपये प्रति किलो के भाव से बिकी। बंपर उत्पादन ने बाजार में सब्जियों की बहार ला दी है। सस्ती हरी सब्जियों ने आम जनता के बजट को राहत दी है और बाजार में रौनक साफ नजर आ रही है।

## नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा

**कुरुद।** मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कुरूद क्षेत्र में पुलिस ने दो सफल कार्यवाहियों को अंजाम दिया है। जिसमें तीन गांजा तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 1045 ग्राम गांजा, मोबाइल और नगदी सहित 30,440/- रुपये का सामान बरामद किया है।

पहली कार्रवाई भरदा चौक पर हुई, जहाँ यात्री प्रतीक्षालय के पास अवैध रूप से गांजा बेच रहे हीरा लाल मण्डावी (42 वर्ष) और बिरेन्द्र नेताम (36 वर्ष) को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। इनके पास से छोटे पैकेटों में भरा 660 ग्राम गांजा और नगद रकम जप्त की गई।

दूसरी कार्रवाई में कन्हारपुरी रोड पुलिया के पास पेट्रोलिंग के दौरान खेमराज उर्फ नानू नगारची (35 वर्ष) को दबोचा गया। वह पुलिया के पास छिपकर गांजा बेच रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से 385 ग्राम गांजा और मोबाइल बरामद हुआ।

कुरूद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।














